लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

YOUTH OF INDIA ARE HARBINGERS OF CHANGE: LOK SABHA SPEAKER/भारत के युवा परिवर्तन के अग्रदूत हैं: लोक सभा अध्यक्ष

…

INDIA IS SETTING THE AGENDA FOR THE WORLD: LOK SABHA SPEAKER/भारत विश्व के लिए एजेंडा तय कर रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

…

New Delhi; 1 October, 2024: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed the students and faculty members of New Delhi Institute of Management, Tughlakabad, today.

Referring to the youth of India as harbingers of change, Shri Birla noted that they, with their potential, hard work, skills and innovations are contributing to not only India’s development but also to global growth. They are already leading in several sectors across the countries and in future, their roles will be more significant, he observed.

Mentioning about the present demographic structure of developed countries, Shri Birla noted that such a situation is advantageous for Indian youth to foray into different fields, excel in their career and with their experience and expertise to lead the world. He urged the students to devote their time and energy to study hard, and to innovate and excel so that they could make their lives better and emerge as effective partners in the country’s development and self-reliance.

Speaking on Mahatma Gandhi as a youth leader, his contribution to India’s freedom struggle and role of Indian youth during the Independence movement, Shri Birla urged the students to take inspiration from them and to work for collective causes. The youth should fulfill the pledge of the Prime Minister to make India a developed nation by 2047, he emphasized.

Stressing that the New India is now setting the global agenda which other countries are following, Shri Birla gave the clarion call to ensure that every step of every Indian should be in the direction of making India developed and stronger.

On the occasion, Shri Birla also gave away certificates and awards to meritorious students of the Institute and achievers in different fields.

Shri Ramvir Singh Bidhuri, Member of Parliament in Lok Sabha was present on this occasion.

नई दिल्ली; 1 अक्तूबर, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज तुगलकाबाद स्थित नई दिल्ली प्रबंधन संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया।

भारत के युवाओं को परिवर्तन का अग्रदूत बताते हुए, श्री बिरला ने कहा कि वे अपनी क्षमता, कड़ी मेहनत, कौशल और नवाचारों के साथ न केवल भारत के विकास में अपितु वैश्विक विकास में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत के युवा विश्व के विभिन्न देशों में कई क्षेत्रों में सक्रिय हैं और भविष्य में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी।

विकसित देशों की वर्तमान जनसांख्यिकी संरचना का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इस स्थिति से भारत के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने, अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा अपने अनुभव और विशेषज्ञता के साथ विश्व का नेतृत्व करने में मदद मिलेगी। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपना समय और ऊर्जा अध्ययन करने, नवाचार और उत्कृष्टता प्राप्त करने में लगाएं, ताकि वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के साथ ही देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में भी भागीदारी कर सकें।

युवाओं के नेता के रूप में महात्मा गांधी की भूमिका, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारतीय युवाओं की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने छात्रों से इन विभूतियों से प्रेरणा लेने और सामूहिक उद्देश्यों के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधान मंत्री के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाना है।

इस बात पर जोर देते हुए कि नया भारत अब वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है, जिसका अनुसरण अन्य देश कर रहे हैं, श्री बिरला ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को हरेक कदम भारत को विकसित और मजबूत बनाने की दिशा में उठाना चाहिए।

श्री बिरला ने संस्थान के मेधावी छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार भी प्रदान किए।

इस अवसर पर लोक सभा सदस्य, श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी भी उपस्थित थे।